M 5380

Reg. No. : ................................

Name : ..................................

**I Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A. T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W./ B.A. Afsal Ul Ulama Degree (CCSS – Regular/Supple./Improvement) Examination, November 2013**
**(2010 Admn. Onwards)**
**Common Course in Hindi (For B.A./B.Sc.)**
**1A07 HIN : POETRY AND SHORT STORIES**

Time : 3 Hours | Total Weightage : 25

**निर्देश :** किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×2=4)**

1. बिरह जलाई मैं जलौं, जलती जलहरि जाऊँ।
   मो देखा जलहरि जलै, संतौ कहाँ बुझाऊँ।।

2. मेरे लाल को आउ निंदरिया काहे न आनि सुलावै।
   तू काहे न बेगि सों आवै, तोको कान्ह बुलावै।।

3. मैं तो अपने नारायण की, आपही हो गई दासी रे।
   मीरा के प्रभु गिरधर नागर, बेगि मिलो अविनासी रे।।

4. कबीर सुमिरन सार है, और सकल जंजाल।
   आदि अंत सब सोधिया, दूजा देखौं काल।।

**निर्देश :** किन्हीं **तीन** अवतरणों की व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×3=6)**

5. सिंह की गोद से
   छीनता रे शिशु कौन ?
   मौन भी क्या रहती वह
   रहते प्राण ?

P.T.O.

6. उस असीम का सुन्दर मन्दिर मेरा लघुतम जीवन रे !
मेरी श्वासें करती रहतीं प्रिय का अभिनन्दन रे !

7. पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए।
वह मेहतर मैं हो नहीं पाता।

8. छुरा भाँजते गुण्डे छुट्टा घूम रहे हैं
वे अपने ही घर की चौखट पर
बैठा आदमी
मारा जा रहा है।

9. मरी हुई इच्छाओं की तरह मछलियाँ क्यों उतराई हैं
तुम्हारे दुर्दिनों के दुर्जल में।

निर्देश : किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(Weightage 2×3=6)**

10. सूरदास और मीराबाई की कृष्ण-भक्ति में क्या अंतर है ?

11. 'नदी और साबुन' कविता का संदेश क्या है ?

12. अरुण कमल ने अपनी कविता 'वक्त' में समकालीन परिवेश का कैसा चित्रण किया है ?

13. सामाजिक जीवन में कवि की भूमिका को धूमिल कैसे व्यक्त करते हैं ?

14. 'वह तो अच्छा हुआ' कविता की विषय वस्तु कौन-सी है ?

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : **(Weightage 4×1=4)**

15. कबीर की भक्ति भावना एवं काव्य-कला की विस्तृत चर्चा कीजिए।

16. 'मैं तुम लोगों से दूर हूँ' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

17. 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता में व्यक्त विचारों को स्पष्ट कीजिए।

निर्देश : निम्नलिखित सवालों के जवाब लिखिए : (Weightage 1×1 Bunch =1)

18. अ) 'नदी और साबुन' किसकी रचना है ?

आ) अज्ञेय को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?

इ) निराला का पूरा नाम क्या है ?

ई) 'वह तो अच्छा हुआ' शीर्षक कविता किसने लिखी है ?

निर्देश : किसी **एक** कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए : (Weightage 4×1=4)

19. नशा।

20. पर्दा।